बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-173
01/04/2021

# मुख्यमंत्री के समक्ष नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा दिया गया 'गया सीवरेज सिस्टम' से संबंधित प्रस्तुतीकरण

मुख्यमंत्री के निर्देश:–

- जल संरक्षण बहुत जरुरी है, लोग जल का सदुपयोग करें, दुरुपयोग न करें।
- इस बात का अध्ययन कराएं कि ट्रीटेड वाटर का सिंचाई के अलावे अन्य दूसरे कार्यों में भी सदुपयोग हो।
- भू–जल स्तर को मेंटेन रखना है, यह पर्यावरण के दृष्टिकोण से बहुत ही आवश्यक है।
- गया में एस0टी0पी0 (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) योजना पर तेजी से काम करें।

पटना, 01 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा 'गया सीवरेज सिस्टम' से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर ने प्रस्तुतीकरण के दौरान गया सिवरेज सिस्टम की वर्तमान स्थिति, प्रपोज्ड सीवरेज स्कीम, पॉपुलेशन एंड सिवेज फ्लो क्वांटिटी आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि गंगा जल उद्वह योजना के अन्तर्गत गंगा नदी के पानी को संग्रहित कर शुद्ध पेयजल के रुप में राजगीर, बोधगया, गया और नवादा में पहुंचाया जाएगा। लोगों के पानी की जरुरतों को ध्यान में रखते हुए प्रति दिन प्रति व्यक्ति 135 लीटर जलापूर्ति की योजना है। भविष्य में इन जगहों पर आबादी और बढ़ेगी, बड़ी संख्या में पर्यटक आएंगे, इन सब चीजों को ध्यान में रखकर पेयजल की बेहतर व्यवस्था के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। भू–जल स्तर को मेंटेन रखना है। यह पर्यावरण के दृष्टिकोण से बहुत ही आवश्यक है। जब गंगा का जल पेयजल के रुप में इन जगहों पर हर घर तक पहुंच जाएगा तो लोग भू–जल का दोहन नहीं करेंगे, जिससे भू–जल स्तर हमेशा मेंटेन रहेगा। जल संरक्षण बहुत जरुरी है। लोग जल का सदुपयोग करें, दुरुपयोग न करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गया जैसे बड़े शहरों में सिवरेज सिस्टम बेहतर रहे इसे ध्यान में रखते हुए कार्य योजना बनाकर तेजी से काम करें। गया में एस0टी0पी0 (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) योजना पर तेजी से काम करें। उन्होंने कहा कि इस बात का अध्ययन कराएं कि ट्रीटेड वाटर का सिंचाई के अलावे अन्य दूसरे कार्यों में भी सदुपयोग हो।

बैठक में उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, वित्त विभाग के प्रधान सचिव श्री एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, नगर विकास एवं

आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, बुडको के प्रबंध निदेशक श्री रमन कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******